सार-समाचार

मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी जोधपुर के अधीन होंगे अब 23 जिलों के 18 कॉलेज, क्षेत्राधिकार तय, आदेश जारी

जोधपुर (कासं)। मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी जोधपुर का क्षेत्राधिकार तय कर दिया गया है। इस यूनिवर्सिटी के अधीन 23 जिलों के मेडिकल कॉलेज और अन्य महाविद्यालय आएंगे। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ग्रुप एक के संयुक्त शासन सचिव जगजीत सिंह मोंगा ने आदेश जारी कर दिए हैं। यह क्षेत्र निर्धारण सत्र 2025-26 से लागू होगा। गौरतलब है कि मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी को कांग्रेस सरकार के समय घोषित किया गया था। इसके लिए जमीन व बजट आवंटन हो गया। कुलपति बना दिए गए थे, लेकिन इसके अलावा यह कागजों में ही संचालित हो रही थी।

पहले साल 2025-26 में यह कॉलेज होंगे शामिल: 18 मेडिकल कॉलेज जिनमें सरकारी के साथ निजी कॉलेज भी शामिल हैं।

6 दंत चिकित्सा कॉलेज।
6 फिजियोथैरेपी कॉलेज।
2 पैरामेडिकल कॉलेज।
दूसरे साल 2026-27 में ये कॉलेज जुड़ेंगे
98 फार्मेसी कॉलेज।
75 नर्सिंग कॉलेज।
3 पब्लिक हेल्थ कॉलेज।

500 करोड़ का प्रोजेक्ट: मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए 100 बीघा जमीन का आवंटन बोरावास गांव में किया गया है। इसके लिए 500 करोड़ का बजट रखा गया है। पहले चरण में 35 करोड़ रुपए मिल चुके हैं। काम शुरू हो गया है। 65 करोड़ का बजट जल्द मिलने की उमीद है। वर्तमान में कुलपति कार्यालय डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज परिसर में ही संचालित हो रहा है।

इन जिलों के कॉलेज होंगे अधीन: जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, फलोदी, पाली, जालोर, सिरोही, सांचौर, उदयपुर राजसमंद, चितौड़गढ़, सलूबर, भीलवाड़ा, बीकानेर, नागौर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर तथा प्रतापगढ़ जिला।

सितबर से शुरू होगी प्रक्रिया : कुलपति

मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी कुलपति डॉ. एम.के आसेरी ने कहा मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी को अधिकार दिए गए हैं। जिन जिलों के कॉलेज यूनिवर्सिटी से जोड़े गए हैं,उनको अब आरयूएचएस की बजाय मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी से मान्यता लेनी होगी।

चोरी के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित 2 गिरफ्तार पूछताछ में 100 से ज्यादा वारदातें कबूली

जोधपुर (कासं)। जोधपुर ग्रामीण की खेड़ापा थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पहले में दोनों आरोपी श्रवण जाट निवासी जाजीवाल गोदारा और रिजवान निवासी कबीर नगर सूरसागर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ में दोनों ने चोरी की 100 से अधिक वारदातें करना स्वीकार किया था। आरोपी को पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भिजवाया था। अब खेड़ापा थाने में दर्ज चोरी के एक अन्य मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि खेड़ापा थाने में 12 जून को रमेश दाधीच ने चोरी का मामला दर्ज करवाया था। इसमें बताया कि 11 जून को रात 10 बजे सोए थे सुबह 5 बजे उठे तो उनके घर के बने कमरे में अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। अलमारी में रखे नगद 2 लाख 60 हजार रुपए, सोने चांदी के आभूषण गायब मिले। चोर करीब 30 तोला वजनी चांदी का कंदोरा, 40 तोला चांदी के अन्य आभूषण और दो तोला सोने आभूषण सहित नगद रुपए चुरा कर ले गए थे।

संत बाबा मेहरदास मंदिर का पाटोत्सव संपन्न

जयपुर (कासं)। 108 संत बाबा मेहरदास मंदिर ट्रस्ट , मुरलीपुरा द्वारा हर साल की भांति पाटोत्सव कार्यक्रम का आयोजन गोयल मैरिज गार्डन, मुरलीपुरा में हुआ। आयोजन ट्रस्ट के संरक्षक लालचंद साधवानी एवं अध्यक्ष लोकचंद हरीरामानी ने बताया कि कार्यक्रम में राधा कृष्ण, सुदामा कृष्ण, शंकर आदि की लघु नाट्य भव्य झांकियां एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों एवं संगठनों के पदाधिकारीयो का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। सभी भक्तों ने संत मेहरदास महाराज का आशीर्वाद लेकर प्रसादी प्राप्त की। इस दौरान कार्यक्रम में समाजसेवी नगेंद्र वशिष्ठ, समाजसेवी गोपाल शर्मा, विराज फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, डॉ एमके अग्रवाल, चंद्र प्रकाश शर्मा,शिव दयाल मिश्रा, मोहन नामदेव, ओमप्रकाश रीडर, ममता शर्मा, मनोज शर्मा, कन्हैया लाल, रमेश कर्मचंदानी, नारायण आदि लोग उपस्थित थे।

राजस्थान बनेगा मेडिकल ट्यूरिज्म का हब जल्द आएगी 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राजस्थान को मेडिकल ट्यूरिज्म के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार नीतिगत फैसले लिए जा रहे हैं। इस दिशा में जल्द ही 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी लाई जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार किए गए पॉलिसी के प्रारूप पर शनिवार को सभी हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा कर सुझाव लिए गए। इन सुझावों के आधार पर नीति को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में मेडिकल वेल्यू ट्यूरिज्म बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। श्रीमती सिंह ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात कर रही है। इसी सोच के साथ इस वर्ष के बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कुल बजट का 8.26 प्रतिशत प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया है। यह अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास किया जा रहा है। विश्व स्तरीय संस्थानों का निर्माण यहां हो रहा है। होलिस्टिक एप्रोच के साथ ऐलोपैथी एवं आयुष चिकित्सा तथा वैलनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सवाई मानसिंह अस्पताल में आयुष्मान टॉवर का निर्माण, दो मेडिसिटी एवं मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना, हर जिले में मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज, टेलीमेडिसिन को बढ़ावा, निजी क्षेत्र में भी कई उच्च श्रेणी के चिकित्सा संस्थानों का प्रदेश में आना ऐसे कदम हैं, जिनसे राजस्थान मेडिकल ट्यूरिज्म की दिशा में नई ऊंचाइयां छुएगा। साथ ही, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में भी पोर्टेबिलिटी का प्रावधान जल्द ही होने से यहां बाहर के राज्यों के रोगी उपचार के लिए आ सकेंगे।

श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर उत्थान होने, वाजिब दरों पर सुगमतापूर्वक उपचार उपलब्ध होने से प्रदेश में मेडिकल ट्यूरिज्म की संभावनाएं तेजी से विकसित हुई हैं। नीतिगत निर्णयों के माध्यम से राज्य सरकार इन संभावनाओं को और अधिक विस्तार देना चाहती है। इससे प्रदेश न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में मॉडल स्टेट के रूप में सामने आएगा, बल्कि निवेश एवं रोजगार के भी बड़े अवसर सृजित होंगे। फार्मा, होटल व्यवसाय सहित अन्य उद्यमों को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। हील इन राजस्थान पॉलिसी इन संभावनाओं को धरातल पर लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

आज जोधपुर आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

हाईकोर्ट के कार्यक्रम में लेंगे भाग, सीएम भजनलाल शर्मा भी करेंगे शिरकत

जोधपुर (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर जोधपुर आ रहे है। यहां पीएम मोदी राजस्थान हाईकोर्ट की स्थापना के प्लेटिनम जुबली समापन समारोह में शामिल होंगे। पीएम मोदी के साथ राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. धनंजय यशवंत चंद्रचूड़, सीएम भजनलाल शर्मा, न्यायाधीश संजीव खन्ना, पंकज मित्तल, आगस्टीन जार्ज मसीह, संदीप मेहता भी शिकरत करेंगे। पीएम मोदी के जोधपुर आने का कार्यक्रम बनने के साथ ही पुलिस व सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हो गई है।

जोधपुर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जोधपुर रेंज के अलावा अन्य रेंज से भी पुलिस का जाब्ता मंगवाया गया है। और शहर में गश्त व सुरक्षा व्यवस्था को भी बढ़ा दिया गया है।

2 घंटे तक रहेंगे जोधपुर

पीएम मोदी के कार्यक्रम में अनुसार वह रविवार शाम को करीब 4 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वह हाईकोर्ट परिसर में कार्यक्रम पर स्थल पर पहुंचेंगे। करीब दो घंटे तक इस कार्यक्रम में रहने के बाद पीएम मोदी दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

डीजीपी रख रहे व्यवस्थाओं पर नजर

रविवार को पीएम मोदी व सीएम भजनलाल शर्मा दोनों ही जोधपुर आने वाले हैं। ऐसे में डीजीपी उत्कल रंजन साहू खुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने रेंज के सभी अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए हैं।

कमिश्नर ने पुलिस जवानों की बैठक

पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को जोधपुर कमिश्नर राजेंद्र सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों व जवानों की बैठक ली है। बैठक में पीएम के कार्यक्रम को लेकर सभी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सभी जवानों को पीएम के कार्यक्रम के तहत मोबाइल से फोटो व वीडियो उतारने के लिए साफ मना किया गया है। जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी विशेष विमान से एयर फोर्स स्टेशन पहुंचेंगे। यहां से ज्यूडिशल एकेडमी होते हुए हाईकोर्ट परिसर पहुंचेंगे। इसको लेकर पुलिस व एसपीजी रास्ते का ट्रायल करेंगे।

ट्रक में कर रहा था मादक पदार्थ की तस्करी, पुलिस ने ट्रक चालक को किया गिरफ्तार

जोधपुर (कासं)। अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर कार्रवाई करते हुए जोधपुर ग्रामीण की बिलाड़ा थाना पुलिस ने एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 4 किलो 303 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया है।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी भोपाल सिंह लखावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के सुपरविजन में बिलाड़ा थाना पुलिस ने पूरी कार्रवाई की। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर बिलाड़ा थाने के पास कार्रवाई करते ट्रक चालक को गिरफ्तार किया। आरोपी ट्रक में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा था। उसके कब्जे से 4 किलो 303 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया है। वहीं आरोपी के कब्जे से ट्रक भी जब्त किया गया है। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी बाबू सिंह (43) पुत्र गजे सिंह राजपूत निवासी देवलिया पुलिस थाना बनाड़ को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कार्रवाई में बिलाड़ा थाना अधिकारी मूल सिंह भाटी, उप निरीक्षक भंवरलाल, लखपत राम, कांस्टेबल सुमेर सिंह, राकेश कुमार और बिरमराम शामिल रहे।

राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का आयोजन 13 से 15 सितंबर तक

जयपुर (कासं)। राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौथे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का आयोजन 13 से 15 सितंबर तक किया जा रहा है। यह मार्ट न केवल घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहन देगा बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करेगा। इस बार आरडीटीएम की थीम वेडिंग, इन्सेंटिव, कांफ्रेंस और इवेंट तय की गई है। एफएचटीआर प्रेसिडेंट कुलदीप सिंह चंदेला ने बताया कि, आरडीटीएम के माध्यम से राज्य को नई दिशा दिलाने व नए विकास की ओर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मार्ट में विभिन्न क्षेत्रों के सदस्य हिस्सा लेंगे और देशभर के टूर ऑपरेटर्स के लिए यह ट्रैवल मार्ट बेहतरीन एक्सपीरियंस होगा। इसके माध्यम से राजस्थान के होटेलियर्स व टूर ऑपरेटर्स के बीच बिजनेस का आदान-प्रदान होगा जिससे बशर्ते प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होगी।

चोर गिरोह का इनामी बदमाश गिरफ्तार

जोधपुर (कासं)। जोधपुर पूर्व पुलिस ने प्रदेश में सक्रिय एक चोर गिरोह का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने हनुमानगढ़ के संजय भाट नाम से बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस पर 10 हजार का इनाम घोषित कर रखा है। इसके साथ ही पुलिस ने उसके पास से चोरी के जेवरात व नकदी भी बरामद की है। बदमाश ने जोधपुर सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों में एक साल में 9 से ज्यादा चोरी की वारदात कबूल की है।

महामंदिर थानाधिकारी शिवलाल ने बताया- पुलिस ने हनुमानगढ़ के सुरेशिया कॉलोनी निवासी संजय पुत्र श्योपतराम भाट (27) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक लाख रुपए, तीन किलो चांदी व 32 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किए है। पुलिस ने बताया कि संजय को थाना क्षेत्र में मारवाड़ नगर में रामचंद्र सोरी की दुकान में चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। चोरी में श्यामलाल के साथी सरदार शहर निवासी इंद्रराज पुत्र धर्मपाल प्रजापत की तलाश कर रही है। दोनों ही बदमाशों के खिलाफ चोरी के कई मामले अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज है।

9 वारदात की कबूल: पुलिस ने बताया कि संजय ने पूछताछ में जोधपुर में एक, सिरोही के हाउसिंग बोर्ड में 2, बाडमेर में 2 व बीकानेर में 4 चोरी की वारदात करना कबूल किया है। पुलिस ने बताया कि संजय को चोरी में मामले में पहले पाली पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं उसका साथी इंद्रराज चूरू, नागौर, पाली व हनुमानगढ़ में दर्ज 11 मामलों में वांछित चल रहा है।

बसों से दूसरे जिलों में चोरी करने जाते: पुलिस ने बताया कि संजय व उसके साथी आदतन अपराधी है। यह चोरी करने के लिए बसों से दूसरे जिले में जाते है। वहां चोरी के बाद चोरी की बाइक पर जिला छोड़ देते है। पुलिस के डर से रास्ते में बाइकों को छोड़कर फिर से बस में बैठ जाते और अपने जिले में चले जाते।

उम्मेद हॉस्पिटल में कृष्ण लीलाओं को दर्शाएंगे

शहर के सबसे पुराने अस्पताल में महिला स्टाफ की पहल, जन्माष्टमी पर बच्चों को मिलेंगे गिफ्ट

जोधपुर (कासं)। जोधपुर में सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी इस मौके पर जोधपुर के सबसे पुराने उम्मेद अस्पताल में भी कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर विशेष थीम तैयार की गई है। यहां पर भगवान कृष्ण के बाल रूपों से लेकर गोवर्धन पर्वत धारण करने सहित अन्य लीलाओं का भी मंचन किया गया है। 85 साल पुराने सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों के परिजन भी कृष्ण जन्माष्टमी पर इस अनूठी पहल को देखकर अस्पताल प्रशासन की काफी सराहना कर रहे हैं।

अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अफजल हकीम ने बताया कि उम्मेद हॉस्पिटल जन्म का अस्पताल है और जन्माष्टमी भी पूरे भारत के अंदर महापर्व के रूप में मनाई जाती है। इसी को देखते हुए यह पहल की गई है। इसके अंदर भगवान श्री कृष्ण के जन्म से लेकर उनकी विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया है। उन्होंने द्रोपदी के चीरहरण को रोका और नारी सम्मान सुरक्षा का संदेश दिया था। हमारा हॉस्पिटल भी इस झांकी के माध्यम से नारी सुरक्षा और नारी सम्मान का संदेश दे रहा है। इसमें आम लोग भी अवलोकन के लिए आ सकते हैं।

खास बात ये है कि इसे हॉस्पिटल की महिला स्टाफ ने ही बनाई है। इसे जन्माष्टमी से लेकर अगले 4 दिनों तक पंडाल में सजाया जाएगा। इस झांकी को देखने के लिए अस्पताल में आने वाले मरीजों के परिजन सहित शहर के लोग भी पहुंच रहे हैं। पहली बार हुए इस अनूठे प्रयोग को देखकर हॉस्पिटल में आने वाले डॉक्टर और रेजिडेंट भी फोटो खिंचवाकर कृष्ण जन्माष्टमी की एक दूसरे को बधाइयां दे रहे हैं।

5 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

जोधपुर (कासं)। जोधपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इनामी तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर को उसके घर के पास से पकड़ा गया। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। उससे तस्करी रूट और अन्य तस्करों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जोधपुर वेस्ट के एडीसीपी निशांत भारद्वाज ने बताया- वेस्ट के अपराध सहायक कार्यालय की टीम ने गोदावास कल्याणपुर बालोतरा निवासी श्यामलाल पुत्र पेमाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया है। श्यामलाल तस्करी के कई मामलों में वांछित था। ग्रामीण पुलिस ने इस पर 5 हजार का इनाम भी रखा था।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा. नि. वि. खण्ड कोटडा, उदयपुर

क्रमांक:-363 दिनांक : 13.08.2024

NIT No. 06/2024-25
Notice Inviting Bid

Bids for "Various Road's & Building Construction, Renewal, Strengthening Works in various schemes in District Udaipur (Raj.) are invited from interested bidders upto 6.00 PM, Dated 30.08.2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan and http://pwd.rajasthan.gov.in website. The approximate value of the procurement is Rs. 11.68 Lacs.

Your's faithfully
(Kapil Kumar Awasthy)
Executive Engineer
Public Works Department
Dn. Kotra Udaipur

NIB :- PWD2425A1165
UBN No. 1 :- PWD2425WSOB04316
DIPR/C/7584/2024

फर्जी दस्तावेज से NRI का बना आधारकार्ड

भारत का निवासी बताकर बेच दी विवादित जमीन, थाने में मामला दर्ज

जोधपुर (कासं)। फर्जी तरह से अधारकार्ड बनाने का एक और मामला जोधपुर में सामने आया है। इस बार अमेरिका में रहने वाले एनआरआई लोगों ने जोधपुर में फर्जी दस्तावेज के आधार पर अपना स्थानीय आधार कार्ड बना दिया। इसके बाद कोर्ट में विचाराधीन विवादित जमीन का बेचान कर दिया। कोर्ट ने मामले में मथानिया थाना पुलिस को सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया है।

जानकारी अनुसार कल्याणसिंह जी का कोट तिंवरी निवासी विशाल सिंह पुत्र रूप सिंह राजपुरोहित ने जोधपुर महानगर अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट संख्या-4 के सामने अपना परिवाद दिया था। उन्होंने बताया कि तिंवरी गांव में उनकी कब्जाशुदा जमीन है। इस जमीन में उनके परदादा का नाम नहीं डाला गया। इसका यह मामला ओसिया कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बाद भी हाल डिफेंस लैब उम्मेद हेरिटेज निवासी निर्मला पतनी जसवंत सिंह पुरोहित, हाल रूप रजत टाउनशिप निवासी चंद्रा पत्नी भंवर सिंह राजपुरोहित, हाल तिंवरी कोट के पास निवासी संतोश पत्नी सुरेशचंद्र राजपुरोहित, हाल चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी सरोज कुमारी पत्नी नरपत सिंह पुरोहित, हाल बीकानेर जयनारायण व्यास कॉलोनी निवासी प्रेम कुमारी पत्नी महावीर पुरोहित, पाल रोड निवासी राधेश्याम डागा, हाल तिंवरी निवासी रमेश कुमार पुत्र सेवाराम धूत, मोहम्मद उस्मान पुत्र जमालदीप, पवन कुमार पुत्र जगदीश धूप, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी नरपत सिंह पुत्र भूरसिंह राजपुरोहित ने मिलीभगत कर उस जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचान कर दिया।

झूठे दस्तावेज से तैयार किए आधारकार्ड : पीड़ित ने अपने वाद में बताया कि आरोपी निर्मला पुरोहित, चंद्रा राजपुरोहित, संतोश राजपुरोहित, सरोज कुमारी पुरोहित, प्रेमकुमारी पुरोहित, को अमेरिका की नागरिकता मिल चुकी है। लेकिन इसके बाद भी उन्होंने व अन्य आरोपियों ने झूठे तथ्य व दस्तावेज पेश कर अपने भारत के आधार कार्ड बना दिए। इतना ही नहीं जमीन बेचान के दौरान भी इन सभी ने अपने आप को भारत का नागरिक बताया।

गवाह भी अमेरिका का नागरिक: पीड़ित ने बताया कि जमीन बेचान के समय नरपत सिंह राजपुरोहित को सक्ष्य बनाया गया है। नरपत सिंह स्वयं भी अमेरिका का निवासी है। इसके बाद भी विवादित जमीन को राधेश्याम डागा, रमेश कुमार धूत, मोहम्मद उस्मान, पंवन कुमार धूत के साथ मिलकर दस्तावेज में खूद को भारत का नागरिक बताकर जमीन का बेचन कर दिया।

जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
JM FINANCIAL
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत कार्यालय: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई 400025
संपर्क व्यक्ति : 1. पुनित बोहरा- 9413746022, 2. रोहन सावंत- 9833143013, 3. ज्योति सावंत- 022 - 6224 1676
Website - www.jmfinancialarc.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना - ताजा बिक्री

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति ब्याज अधिनियम, 2002 ('सरफेसी अधिनियम') की धारा 5 (1) (बी) के तहत सभी अधिकारों, स्वामित्व और ब्याज के साथ अंतर्निहित प्रतिभूति ब्याज के साथ ऋण (नीचे उल्लिखित ऋणों सहित) का एक पूल सौंपा है, जो जेएमएफएआरसी (जेएम) के पक्ष में 29 मार्च, 2023 ('असाइनमेंट एग्रीमेंट') के एक असाइनमेंट समझौते के तहत जेएमएफएआरसी-अरण्य-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। यह सूचित किया जाता है कि पीसीएचएफएल को असाइनमेंट / सेवा अनुबंध के तहत सभी परिचालन और प्रक्रिया प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता / संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त किया गया है।
उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए **सरफेसी अधिनियम, 2002** के तहत सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो भौतिक कब्जे में है, **'जैसा है जहां है के आधार पर', 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो है वह है के आधार पर'**, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

कर्ज कोड/शाखा/ कर्जदार/ सह-कर्जदार / गारंटर	मांग सूचना दिनांक और राशि	संपत्ति का पता -अंतिम	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि जमा (ईएमडी) (आरपी का 10%)	बकाया राशि (09.07.2024)
ऋण कोड संख्या: 04700003863, जोधपुर (शाखा), चेतनभाई एम सोनी (उधारकर्ता), सोनी तुलसीबेन (सह उधारकर्ता 1)	दिनांक: 17-05-2021, रु. 13,19,110/- (रु. तेरह लाख उन्नीस हजार एक सौ दस मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका विस्तार है:- पी नं. 59, सुभाष नगर ए, हंस निर्माण सरस्वती स्कूल, सुभाष नगर ए, पाली 3429, राजस्थान- 306401 सीमाएं:- उत्तर: मकान लाला राम दक्षिण: सड़क पूर्व: उक्त संपत्ति का शेष भाग पी.एल. 59-ए पश्चिम: मकान मंवर लाल	रु. 20,44,000/- (रु. बीस लाख चौवालीस हजार मात्र)	रु. 2,04,400/- (रु. दो लाख चार हजार चार सौ मात्र)	रु. 20,52,583/- (रु. बीस लाख बावन हजार पाँच सौ तिरासी मात्र)

ई-नीलामी की तिथि 27-09-2024. सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के अतीमित विस्तार के साथ),
बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 26-09-2024, शाम 04:00 बजे से पहले।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया प्रदर्शित लिंक **https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale** एवं **https://www.bankauction.in** देखें।
उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को सरफेसी अधिनियम के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री नोटिस
उपर्युक्त उधारकर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) में उल्लिखित राशि को नीलामी की तारीख से पहले अर्जित ब्याज के साथ पूरी राशि का भुगतान करें, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, चुका दिया जाएगा। उधारकर्ता/गारंटर से ब्याज और लागत सहित वसूल किया गया।

दिनांक : 25 अगस्त, 2024
स्थान : राजस्थान
हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
(अरण्य - ट्रस्ट)